राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

एसआरएमएस के डॉक्टर्स और प्रशासन मिलकर करेंगे टीकाकरण

बरेली, 26 सितम्बर (तरुणमित्र)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज शुरूआत से टीकाकरण अभियान में प्रशासन के साथ मिलकर काम करता रहा है। यहाँ के चिकित्सक समय- समय पर सरकार द्वारा आयोजित वैक्सीनेशन कैम्प में जाकर अपना योगदान देते रहे हैं। कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आर पी सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा जिले में सोमवार को बड़े स्तर पर सरकारी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें डेढ़ लाख लोगों को वैक्सीनेट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए कॉलेज से 60 चिकित्सकों का एक दल प्रशासन द्वारा आयोजित शिविरों में भेजा जा रहा है।

इस मौके पर कॉलेज परिसर में एक ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया जिसमें डीआईओ डा. आर.एन सिंह ने चिकिसकों को वैक्सीनेशन से संबंधित जानकारियां दी। कॉलेज में शनिवार को आयोजित ट्रेनिंग सेशन में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी आर.एन. सिंह ने वैक्सीनेशन से संबंधित पूरी जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार लोगों को वैक्सीनेट किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने नोडल अधिकारी से संपर्क करें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक भी वैक्सीन खराब न होने पाए। सामुदायिक चिकित्सा रोग विभाग के डा. अभिनव पांडे ने बताया कि कैम्प में कॉलेज की तरफ से भेजे जा रहे।